>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Rajsamand district of Rajasthan.

श्रीमती किरण माहेश्वरी : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगी कि जो केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री जी ने अपनी एक घोषणा में यहां पर हाउस में ही कहा था कि सभी जिलों के अंदर केन्द्रीय विद्यालय खोलने का विचार है।ऐसा यहां अपने वक्तव्य में ऑन दि फ्लोर ऑफ दि हाउस उन्होंने कहा था। मैं उसी बात की तरफ आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि यह जो केन्द्रीय विद्यालय खोलने के जो इन्होंने नॉर्म्स बनाये हैं, उन नार्म्स को फुलफिल करने के बावजूद भी मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर जो राजसमंद जिला है, उस जिले के अंदर एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है और वह पूरा क्षेत्र आदिवासी और पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। उसके बावजूद भी वहां एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं खोलना यह सरकार की किस तरह की नीति है, वह समझ में नहीं आती। पूरे राजस्थान को भी अगर देखें तो इस वर्ष एक भी केन्द्रीय विद्यालय राजस्थान में नहीं दिया गया है। इसलिए मैं चाहूंगी कि इस तरह का सौतेला व्यवहार राजस्थान के साथ न किया जाए और राजस्थान के उस पोर्शन को जहां पर आदिवासी क्षेत्र है, राजसमंद जिले में भी केन्द्रीय विद्यालय देने की कृपा करें।

** Not recorded*